उजाला SPEED NEWS
सच के साथ आगे 24×7
UJALASPEEDNEWS
24x7 हर खबर पर तेज नजर

अनूपशहर, गुरुवार, 15 अक्टूबर 2026 ई-पेपर पेज 1 / 1

देश

पहासू के चौगानपुर गांव में दुर्गा मंदिर का हुआ भव्य उद्घाटन, उमड़ा आस्था का सैलाब।



सह संपादक अशोक नेताजी बुलंदशहर/पहासू।* विकासखंड पहासू के ग्राम चौगानपुर में नवनिर्मित दुर्गा माता मंदिर में मां दुर्गा की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा धूमधाम से की गई। इस अवसर पर पूरे गांव में भक्ति का माहौल देखने को मिला।मंदिर में स्थापना से पहले दुर्गा माता की मूर्ति को पूरे गांव में भ्रमण कराया गया। भ्रमण के दौरान काली माता के स्वरूप की आकर्षक झांकियां लोगों के आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। भ्रमण में सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए और जय माता दी के जयकारों से पूरा गांव गूंज उठा।कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की टोलियां अलग-अलगरंग-गुलाल में नाचते गाते हुए भक्ति में लीन दिखीं। डीजे की भक्ति धुनों पर श्रद्धालु झूमते नजर आए। आसपास के गांवों से भी सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और मंदिर की सराहना की।इस पुनीत अवसर पर गांव के प्रमुख लोगों में अमरजीत पुत्र प्रताप सिंह उर्फ टांडेल, बृजेश कुमार लोधी पूर्व प्रधान, डॉक्टर रामप्रसाद, देवेंद्र मिस्त्री, नरेश, यतेंद्र बघेल, कालू बघेल, मिंटू, मुकेश डीलर, गोरेलाल, रूप सिंह बघेल, लखन सिंह बघेल, वीरपाल प्रजापति, सोमवीर सिंह बघेल, महेंद्र सिंह बघेल, नाथूराम गुप्ता, बौहरे फोटो स्टूडियो, पंकज बघेल, कालीचरण शर्मा उर्फ पुजारी जी सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

एक नज़र में

राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी-सत्य ने मथुरा में बढ़ाया संगठन का दायरा, 16 पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी।

“भारत का भविष्य संवारने के लिए जेन जी को स्वर्णिम इतिहास भी जानना होगा: डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह” ।

जुगल बिहारी मंदिर में श्रीहनुमद् आराधन मण्डल (रजि.) के तत्वावधान में हुआ सुन्दर काण्ड का संगीतमय सामूहिक पाठ।

पूरी खबर पढ़ने के लिए शीर्षक पर टैप करें

राजनीति

राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी-सत्य ने मथुरा में बढ़ाया संगठन का दायरा, 16 पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी।



जिला कार्यकारिणी का विस्तार, विधानसभा से लेकर नगर स्तर तक संगठन मजबूत करने की तैयारी। दो सप्ताह में नई कार्यकारिणी गठित कर जिला कार्यालय को देनी होगी सूचना। संवाददाता हरिपाल सिंह मथुरा। राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी-सत्य ने जिले में संगठन को मजबूती देने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिला कार्यकारिणी सहित विभिन्न संगठनात्मक पदों पर 16 पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। पार्टी नेतृत्व ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपते हुए विधानसभा, ब्लॉक और नगर स्तर पर संगठन का विस्तार करने पर जोर दिया है।प्रदेश अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह एवं प्रान्त अध्यक्ष राजीव सिंह चौहान की अनुशंसा पर जिला अध्यक्ष ठाकुर सुरेश सिंह चौहान ने नियुक्तियों की घोषणा की।

देश

“भारत का भविष्य संवारने के लिए जेन जी को स्वर्णिम इतिहास भी जानना होगा: डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह” ।



"मथुरा। अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्राओं को संबोधित करते हुए श्री कृष्ण जन्मस्थान मुक्ति न्यास के अध्यक्ष, ख्यातिप्राप्त इतिहासकार एवं अधिवक्ता डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि देश की युवा पीढ़ी और जेन जी को भारत की गौरवशाली परंपरा और स्वर्णिम इतिहास को जानना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यह भारतीय इतिहास और संस्कृति की पुनर्स्थापना का दौर है। अब समय आ गया है कि नई पीढ़ी को सही इतिहास से परिचित कराया जाए। कॉलेज के इतिहास विभाग की ओर से आयोजित वार्तामाला श्रृंखला “चलो अपनी विरासत की ओर—भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण में युवा शक्ति (जेन जी) की भूमिका” में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह ने छात्राओं को संबोधित किया।

मनोरंजन

जुगल बिहारी मंदिर में श्रीहनुमद् आराधन मण्डल (रजि.) के तत्वावधान में हुआ सुन्दर काण्ड का संगीतमय सामूहिक पाठ।



संवाददाता खुशांत गुप्ता वृन्दावन।जुगल घाट/परिक्रमा मार्ग स्थित जुगल बिहारी मंदिर में श्रीहनुमद् आराधन मण्डल (रजि.) के तत्वावधान में सुन्दर काण्ड का संगीतमय सामूहिक पाठ किया गया।साथ ही श्रीहनुमानजी महाराज की दिव्य आरती की गई।कार्यक्रम में पधारे अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त भागवत भास्कर कृष्ण चंद्र शास्त्री (ठाकुरजी) महाराज ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज समस्त सद्गुणों की खान है।उनकी आराधना व साधना करने से जीव के समस्त संकट व विघ्न दूर हो जाते हैं।इसीलिए उन्हें संकट मोचन कहा जाता है।विश्वविख्यात पुराणाचार्य डॉ. मनोज मोहन शास्त्री ने कहा कि श्रीहनुमानजी महाराज का स्मरण करने मात्र से मनुष्य के मन का भय दूर होता है और उनका आत्मविश्वास व आत्मबल बढ़ता है।वे बल, बुद्धि, विद्या और भक्ति के प्रदाता हैं।